औद्योगिक विकास को भूखंडों की आनलाइन नीलामी से मिलेगी गति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : योगी सरकार अब मेगा ई-आक्शन के माध्यम से बड़े स्तर पर औद्योगिक इकाइयों के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी कराएगी। इस क्रम में लखनऊ, कानपुर, ट्रांस दिल्ली सिग्नेचर सिटी, अयोध्या, आगरा, मेरठ, गाजियाबाद, बरेली, गोरखपुर व अलीगढ़ में औद्योगिक भूखंडों की नीलामी के लिए 13 जुलाई को सुबह 10 बजे आनलाइन आक्शन का आयोजन किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास विभाग (यूपीसीडा) द्वारा आयोजित मेगा ई-आक्शन में कुल 154 इंडस्ट्रियल, तीन ग्रुप हाउसिंग, एक नर्सिंग होम, एक वेइंग ब्रिज, आठ वेयरहाउस के लिए प्लाटों की नीलामी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। फ्लैटेड फैक्टरी में 10 रेंटेड हाल के लिए भी आवंटन का मार्ग प्रशस्त होगा। नीलामी में भाग लेने और फीस जमा कराने प्रक्रिया पूर्व में ही हो चुकी है।

ई-आक्शन को लेकर औद्योगिक भूमि का बेस प्राइज तय कर दिया गया है। ट्रांस दिल्ली सिग्नेचर सिटी, अयोध्या, लखनऊ, कानपुर, झांसी व आगरा का बेस प्राइस अपेक्षाकृत अधिक रखा गया है। संख्या के लिहाज से अलीगढ़, बरेली, अयोध्या मंडलीय क्षेत्रों में सबसे ज्यादा औद्योगिक प्लाट नीलामी के लिए सूचीबद्ध किए गए हैं।